nt>

Title: Need to release funds for repair of National Highway No. 101 on Chhapra-Mohammadpur section in Bihar. – Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, विगत वर्ा बिहार में आई बाढ़ से अन्य जिलों के साथ-साथ मेरा संसदीय क्षेत्र भी जलमग्न रहा। बाढ़ की िवभिाका के कारण छपरा मुहम्मदपुर मार्ग, राट्रीय राजमार्ग संख्या 101 बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वर्तमान में सड़क के नाम पर अवशेा भर रह गया है। राजमार्ग संख्या 101, दो राट्रीय राजमार्गों को जोड़ने के साथ-साथ व्यापारिक दृटिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। राट्रीय राजमार्ग होने से इसकी मरम्मत और निर्माण कार्य भी पूर्णत: केन्द्रीय अनुदान से ही होगा, इसलिए राज्य सरकार इस राजमार्ग की मरम्मत और देख-रेख बंद कर चुकी है।

यह सवाल लोक सभा में नियम 377 के माध्यम से मैं बार-बार उठाता रहा हूं, परन्तु हर बार मंत्रालय से आश्वासन एवं पत्र ही आता है। राजमार्ग के निर्माण हेतु धनराशि आबंटित नहीं की जाती।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि राट्रीय राजमार्ग संख्या - 101 के निर्माण हेतु शीघ्र अगली किस्त आबंटित की जाए।